**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 359**
**25/07/2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## गहन समुद्र में बहुधात्विक नोड्यूल का अन्वेषण

359. श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने गहन समुद्र में बहुधात्विक नोड्यूल के निष्कर्षण और अन्वेषण के संबंध में कोई नीति बनाई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इन नोड्यूल के निष्कर्षण के लिए कोई क्षेत्र चिन्हित किया गया है; और

(ग) इस पहल पर किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(डॉ. जितेंद्र सिंह)**

(क) राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से बाहर के समुद्र तल क्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय समुद्र तल प्राधिकरण (ISA) द्वारा नियंत्रित किया जाता है, जो संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन (UNCLOS) के तहत स्थापित एक निकाय है। ISA समुद्र तल खनिजों की खोज और दोहन के लिए नियम, विनियम और नीतियां विकसित करता है।

(ख) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, अंतर्राष्ट्रीय समुद्र तल प्राधिकरण के साथ हस्ताक्षरित अन्वेषण अनुबंध के अनुसार मध्य हिंद महासागर बेसिन (CIOB) में 75,000 वर्ग किलोमीटर के आबंटित क्षेत्र में पॉलीमेटेलिक नोड्यूल संसाधन लक्षण वर्णन और प्रौद्योगिकी विकास गतिविधियों को संपादित कर रहा है।

(ग) पॉलीमेटेलिक नोड्यूल संसाधन लक्षण वर्णन और प्रौद्योगिकी विकास से संबंधित अन्वेषण गतिविधियों पर पिछले 3 वर्षों में लगभग 30 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

*****